हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 8.1 डिग्री

10 प्रधानमंत्री के सपने को करें साकार : राजू मोर


11 पूर्व मुख्य संसदीय सचिव माजरा कलायत से लड़ेंगे चुनाव


## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकत की

**जींद।** गाव खरकबूरा में घर में घुस युवती से अश्लील हरकत करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरक बूरा निवासी एक युवती ने बताया कि वह घर मे अकेली थी। उसी दौरान गांव का ही जस्सू घर मे घुस आया ओर अश लगा। विरोध करने पर आरोपित ने उसके कपडे फाड डाले। बचाव मे शोर मचाए जाने पर आरोपित धमकी देता हुआ फरार हो गया।

### एक्सप्रेस वे से पाइप चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** निर्माणाधीन दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे से लोहा पाइप चुराने के मामले में आरोपी गांव चौशाला निवासी मिठन को गिरफ्तार कर लिया गया। राहुल अनुसार वह समधईन्फ्रा कंपनी में मैनेजर है। उनकी कंपनी ने निमार्णाधीन दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे पर सांघन धनौरी गांव के पास पूल बनाने का ठेका लिया हुआ है। 5 जनवरी को उसने जांच में पाया कि किसी व्यक्ति द्वारा वहां से 10-12 वर्टिकल लोहा पाइप चुरा ली गई थी। आरोपी रविवार को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाल करता एक धरा,पूछताछ जारी

**जींद।** सफीदो पुलिस ने आर्दश कॉलोनी में सट्टा खाईवाल करते एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 930 रूपये बरामद किए है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। आर्दश कालोनी निवासी कुलदीप सटटा खाईवाल कर रहा है। पुलिस कुलदीप को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे 930 रूपये की नगदी तथा सटटा पर्ची बरामद हुई।

### बंद मकान से गहने व अन्य सामान चोरी

**जींद।** सेक्टर आठ में बीती रात चोरो ने मकान का ताला तोड कर सोना चादी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सेक्टर आठ निवासी रूपेद्र ने बताया कि वह परिवार समेत चंडीगढ़ गया हुआ था। पीछे से चोरो ने उसके मकान का ताला तोड कर सोने का कडा, दो डायमड रिग, मगलसूत्र, तीन जोडी सोने बाली, दो सोने की अगूठी,चादी के जेवरात ,पांच हजार रूपये चोरी कर लिया।

### रेल यात्री का मोबाइल फोन चोरी, दो पर केस

**जींद।** पंजाबी चौक निवासी करण ने बताया कि वह नरवाना रेलवे स्टेशन पर जयपुर जाने के रेलगाडी मे सवार हो रहा था। उसी दौरान मोर पत्ति निवासी मजीत ने उसका झपटा मार कर जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया ओर वहा से भाग निकला। उसने पीछा भी किया। रेलवे स्टेशन के बाहर खडे.बाइक सवार अपने साथी के साथ फरार हो गया।

### लाखों की धोखाधड़ी के आरोप में 9 नामजद

**कैथल।** शहर पुलिस कैथल ने न्यायालय के आदेश पर स्टॉक की खरीद ब्लॉक में लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में 9 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में छात्रावास रोड कैथल के संजीव कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी।

### बाइक, ट्रांसफार्मर व बेटरी चोरी के मामले दर्ज

**कैथल।** पुलिस ने चोरी के तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। अशोका गार्डन कॉलोनी कैथल के राम नारायण शर्मा ने बताया है कि कर 4 जनवरी को छात्रावास रोड कैथल से उसकी बाइक चुरा कर ले गए। दूसरे मामले में बिजली निगम कलायत के एसडीओ अंकित ने आरोप लगाया कि 13 दिसंबर को दूबल गांव के किसान संदीप के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। तीसरे मामले में राजेश कुमार ने आरोप लगाया है कि कर 5 जनवरी को उसके ट्रक से नई बैटरी चुरा कर ले गए।

---

आरकेएसडी महाविद्यालय में राष्ट्रीय विद्या समिति का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

# भारी बहुमत से साकेत मंगल ग्रुप ने पाई विजय

- आरकेएसडी वेलफेयर ग्रुप को मिली दो सीटों पर जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय में राष्ट्रीय विद्या समिति का चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में दोनों पक्षों की जोरदार टक्कर देखने को मिली। चुनाव के 21 कॉलेजियम में से साकेत मंगल ग्रुप ने 19 कॉलेजियम में भारी बहुमत से विजय हासिल की है। आरकेएसडी वेलफेयर ग्रुप ने केवल दो कॉलेजियम में ही अपनी जीत दर्ज कराई है।

चुनाव में साकेत मंगल ग्रुप की पकड़ पूरी तरह से मजबूत दिखाई दी। दूसरे पक्ष आरकेएसडी वेलफेयर ग्रुप के मुख्य नेता रवि भूषण गर्ग अपनी सीट को बचाने में कामयाब रहे। साकेत मंगल ग्रुप में जश्न का माहौल है। चुनाव का परिणाम आते ही करनाल रोड पर आतिशबाजी कर व ढोल ढमाकों के साथ खुशी से झूम उठे। साकेत मंगल के समर्थकों ने उनको गोद में उठाकर जश्न मनाया। गौरतलब है कि इस बार 2976 वोटों के लिए मतदान हुआ था। इसमें से 1706 वोट पोल हुए है।

सुबह नौ बजे मतदान शुरू हुआ था और शाम साढ़े चार बजे मतदान बंद हुआ। इसके तुरंत बाद ही मतदान की गणना शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे चुनाव के परिणाम आते गए तो वैसे ही जीत वाले प्रत्याशी के समर्थक ढोल नगाड़ों पर थिरकते नजर आए। बता दें कि शहर की सबसे बड़ी शिक्षण संस्था आरकेएसडी महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय विद्या समिति के चुनाव को लेकर दिनभर मतदान करने वालों की आवाजाही रही। सुबह नौ बजे ही मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई थी और शाम साढ़े चार बजे तक जारी रही। मतदान को लेकर लोगों में इतना उत्साह था कि लोग मतदान करने के लिए हरियाणा के विभिन्न जिलों, चंडीगढ़, दिल्ली सहित विदेशों से भी पहुंचे। महाविद्यालय के बाहर दिनभर लोगों का मेला लगा रहा। सभी उम्मीदवारों ने भी कॉलेज में बने मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी पर अपने-अपने समर्थकों के बैठने के लिए बूथ बनाए हुए थे। मतदान बिल्कुल शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। मतदाता अपनी पहचान दिखाकर ही कॉलेज में मतदान करने के लिए प्रवेश कर रहे थे। जैसे ही समय समय पर कॉलेज प्रशासन की ओर से पोलिंग रिपोर्ट का अनुमान प्रतिशत आ रहा था, सभी उम्मीदवारों के समर्थक उत्तेजित हो रहे थे और बहुत खुश नजर आ रहे थे।



कैथल। आरकेएसडी कॉलेज में जीत के बाद साकेत मंगल एडवोकेट को ऊपर उठाकर खुशी जताते उनके समर्थक।



कैथल। आरकेएसडी कॉलेज में जीत के बाद साकेत मंगल एडवोकेट अपने समर्थकों के साथ विजयी चिहन बनाते हुए।

### वाहनों की आवाजाही बंद रही

गौरतलब है कि चुनाव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन कॉलेज व ड्यूटी मजिस्ट्रेट अधिकारी कैथल तहसीलदार डा. अनिल कुमार बिढ़ान व चुनाव पर्यवेक्षक एंव कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, अतिरिक्त चुनाव पर्यवेक्षक दिनेश भारद्वाज व रमेश सरदाना चुनाव के दौरान महाविद्यालय में मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने चुनाव का देखते हुए अंबाला रोड पर बेरिकेटिंग लगाकर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी थी।

| कॉलेजियम | जीते | हारे | वोट अंतर |
|---|---|---|---|
| 01 | अनिल गुप्ता | अमित चौधरी | 17 |
| 02 | अशोक कुमार | अशोक गोयल | 36 |
| 03 | अश्वनी कुमार | अश्वनी गोयल | 37 |
| 04 | चंद्रभान | ब्रिज मोहन | 02 |
| 05 | गौरव मंगल | गौतम बंसल | 33 |
| 06 | जगदीश चंद गोयल | जयभगवान | 15 |
| 07 | कृष्ण बंसल | कृष्ण लाल थरेजा | 26 |
| 08 | महेश कुमार मंगल | मनोज कुमार बंसल | 13 |
| 09 | नरेश कुमार | मोहिंद्र थरेजा | 29 |
| 10 | पंकज बंसल | नीरज गोयल | 40 |
| 11 | प्रवीण कुमार जैन | प्रवीण कुमार चौधरी | 34 |
| 12 | राजेश कुमार | राधा कृष्ण | 08 |
| 13 | रामचौधरी | रामनिवास जैन | 03 |
| 14 | रविभूषण गर्ग | रमेश चंद्र बंसल | 02 |
| 15 | साकेत मंगल | सचिन मित्तल | 20 |
| 16 | सतीश बंसल | निर्विरोध | |
| 17 | श्याम लाल | शिव प्रसाद | 20 |
| 18 | सुभाष सतीजा | सुभाष चंद सिंगला | 10 |
| 19 | सुनील चौधरी | सुरेश कुमार | 33 |
| 20 | सुशील कुमार | वेदप्रकाश | 15 |
| 21 | विपुल सिंघल | विनोद कुमार | 37 |

---

# स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ की महानिदेशक से बातचीत आज

- मांगें न मानीं तो स्वास्थ्य कर्मियों का आन्दोलन रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य कर्मचारियो की मांगो को लेकर कल 8 जनवरी को स्वास्थ्य सुपरवाईजर संघ के शिष्ठमण्डल व सरकार के बीच वार्ता होगी। इस आशय का निमन्त्रण महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाये हरियाणा की तरफ से स्वास्थ्य सुपरवाईजर संघ को प्राप्त हुआ। आज यहा संघ की कोर कमेटी की बैठक के बाद यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य सुपरवाईजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा, महासचिव सतपाल खासा, उप प्रधान सुभराम पानू, सुमित्रा देवी, वीरपाल नरवाल व सतीश कुमार ने बताया कि पंचकूला स्थित स्वास्थ्य भवन मे होने वाली वार्ता मे कोविड -19 की महामारी के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी के बावजूद विभाग की प्लानिग शाखा द्वारा की गई पदों में कटौती को वापिस लेने सहित उन तमाम मांगो व समस्याओं को महानिदेशक के सामने रखा जायेगा जिसको लेकर सुपरवाईजर संघ पिछले तीन साल से आन्दोलनरत है। बार-बार समझौते करने के बावजूद अधिकारियो द्वारा पदो मे कटौती के कारण स्वास्थ्य सुपरवाईजर संघ ने पिछले एक साल की प्रथम जनवरी 2023 से जन आन्दोलन के तहत गांव गांव जाकर पदो को समाप्त करने के कारण जनता पर पडने वाले कुप्रभाव की जानकारी दी जा रही है और ग्राम पचायतो से समर्थन प्रस्ताव पारित करवाकर प्रतिदिन सरकार को भेजने का अभियान चलाया हुआ है। अब तक राज्य की 1500 से ज्यादा पचायतो द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समाप्त पदो को बहाल रखने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नये नोरम के नाम पर पदो मे कटौती करने के निर्णय को वापिस लेकर आबादी अनुसार पद स्वीकृत करने, रिक्त पदो पर नई भर्ती करने, महिला स्वास्थ्य सुपरवाईजर को राजस्थान सरकार की भांति खण्ड स्वास्थ्य सुपरवाईजर तथा जिला स्वास्थ्य सुपरवाईजर की पदोन्नति देना आदि शामिल है।



जींद। पत्रकारों को जानकारी देते स्वास्थ्य कर्मचारी नेता।

### 15 को देंगे ज्ञापन

स्वास्थ्य कर्मचारी नेताओं ने बताया कि यदि कल वार्ता में सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा नही मिला तो आगामी 15 जनवरी को राज्य के सभी सिविल सर्जन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन देगे और उसके उपरान्त 30 जनवरी को सभी विधायकों व सांसदो को ज्ञापन देंगे तथा 22 फरवरी 2024 महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाये हरियाणा के पंचकूला कार्यालय के सम्मुख अनशन करेगे। एम.पी.एच.डब्लू. का वर्ष 2019 मे पे ग्रेड 4200 करने के बावजूद आज तक पदोन्नत पदो के वेतनमान संशोधित न करने से मूल काडर व पदोन्नत होने के उपरान्त सिनियर कर्मचारी एक ही वेतनमान मे कार्य करने पर मजबूर है।

# नैन का निधन बड़ी क्षति : कैप्टन अभिमन्यु

- दु:ख सुख में हमेशा सबके साथ खड़े रहते थे नफे सिंह नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रविवार को गांव दनौदा कला के ऐतिहासिक चबूतरे पर सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रधान व सर्वखाप पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. नफे सिंह नैन की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में देश व प्रदेश की राजनीतिक हस्तियों और हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों द्वारा नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि 87 वर्षीय बिनैन खाप के प्रधान नफे सिंह नैन का 26 दिसंबर 2023 का हृदयघात निधन हो गया था। नफे सिंह नैन लगभग पिछले 20 वर्षोर् से बिनैन खाप के प्रधान रहे है। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने प्रधान नफे सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर कहा कि प्रधान नफे सिंह नैन का निधन होना समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने हमेशा 36 बिरादरी के भाइचारे की बात की। वे सबके सुख दु:ख में सबके साथ खड़े रहते थे। चौधरी नफे सिंह एक सुलझे हुए व पंचायती व्यक्ति थे। वे निडर होकर अपनी बात रखते थे जिस कारण वो अपने आप में ही एक सुप्रीम कोर्ट थे और उनकी पहचान प्रमुख व्यक्तियों में होती थी। वही श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे विधायक रामनिवास सूरजाखेड़ा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बिनैण खाप के प्रधान नफे सिंह के सामाजिक जीवन की सराहना की। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेता सुभाष बराला, कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, कुमारी शैलजा, किसान नेता गुरनाम सिंह, संदीप लोट, अंकुश परोचा आदि मौजूद रहे।



नरवाना। सर्वजातीय बिनैन खाप नेता स्व. नफे सिंह नैन को भावभीनी श्रद्धांजलि देते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

---

# वैकल्पिक आर्थिक नीतियों को लेकर वामपंथी कल करेंगे विरोध प्रदर्शन

- प्रदर्शन को लेकर दर्जन भर गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश में विनाशकारी आर्थिक नीतियों के खिलाफ जनहित वैकल्पिक आर्थिक नीतियां लागू करवाने के लिए वामपंथी पार्टियां सीपीएम व सीपीआई का जन सम्पर्क अभियान चला हुआ हैं और इस कड़ी में 9 जनवरी को जींद के नेहरू पार्क में जिला स्तर का आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रविवार को रधाना, सिंधवी खेड़ा, बराह खुर्द, किलाजफरगढ़, बुढ़ाखेड़ा, फतेहगढ़ आदि गांव में जन सभाएं हुई। इन जन सभाओं को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं संदीप जाजवान, सुरेश करसोला, गुलाब सिंह, पवन कुमार, संदीप दालमवाला आदि ने कहा कि आज भाजपा व उसके सहयोगियों की आर्थिक नीतियों ने देश तबाह कर दिया है। भयंकर बेरोजगारी, कृषि संकट, बढ़ती मंहगाई , बिगड़ती कानून व्यवस्था, व्यवस्थागत भ्रष्टाचार व असमानता व गैर बराबरी ने युवाओं, मजदूरों, किसानों, महिलाओं का जीवन कष्टमय और दूभर कर दिया है।

इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग स्पर्धा

# सात खिलाड़ियों ने बनाई 'खेलो इंडिया' में जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एक से पांच जनवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बाक्सिंग स्पर्धा संपन्न हुई है। इस स्पर्धा में कैथल के सात खिलाड़ियों ने भाग लिया था। दो खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए हैं और एक खिलाड़ी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी में जगह बना ली है।

बाक्सिंग कोच गुरमीत सिंह ने बताया कि कैथल निवासी दीपक ने 57 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक और गांव जुलानी खेड़ा निवासी कृष ने 86 किलो में रजत पदक हासिल किया है। नेहरू गार्डन कालोनी निवासी लक्की ने आगामी स्पर्धा के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। चयनित तीनों खिलाड़ी फरवरी में गुवाहाटी में होनी खेलो यूनिवर्सिटी बाक्सिंग स्पर्धा में भाग लेंगे। इनके अलावा खिलाड़ी अंकुश, कुश, तुशाल और अभिषेक ने स्पर्धा में भाग लिया था, लेकिन कोई पदक नहीं जीत पाए। सभी खिलाड़ी अंबाला रोड स्थित आरकेएसडी कालेज में चल रहे बाक्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में कोच राजेंद्र सिंह, विक्रम ढुल और गुरमीत सिंह के पास अभ्यास करते हैं। तीनों खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय स्तर की स्पधाअरं में पदक जीत चुके हैं। उम्मीद है खेलो यूनिवर्सिटी में भी पदक जीत कर ही लौटेंगे। इस स्पर्धा के लिए अब सुबह-शाम कड़ा अभ्यास किया जाएगा। खिलाड़ियों की जीत पर जिला खेल अधिकारी सुमन मलिक, कर्मबीर फौजी, कुलदीप बैनीवाल, अनिल कुमार राष्ट्रपति अवार्डी, सतीश, संदीप, सुनील, महेंद्र, प्रशांत ,अशोक कुमार ने बधाई दी है।




कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे खिलाड़ी

---

रविवार को भी जारी रही शीत लहर, हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त

# कैथल में 12 दिनों से नहीं निकला सूरज, सुबह और शाम जारी रही धुंध

- बाजार भी देरी से खुल रहे, ग्राहक भी आ रहे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार को भी सूर्य देव ने दर्शन नहीं दिए। कैथल में पिछले 12 दिनों से धूप नहीं निकली है।लगातार हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण दिन भर लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। रविवार होने के कारण बाजारों में अधिक चहल पहल नहीं रही। अधिक ठंडक के चलते बाजार भी देरी से खुल रहे हैं। दुकानदान दिनभर अलाव का सहारा लिए दुकानों में अपना समय व्यतीत करते हैं। रविवार वार को अधिकतम तापमान 15.1 व न्यनूतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया तथा वातावरण में दृश्यता 85 फीसदी तक दर्ज की गई। दिन भर हवाओं की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा आंकी गई। सुबह के समय भी हल्का कोहरा छाया रहा। वाहन चालकों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। कोहरे के चलते वाहनों की सुबह और शाम के समय स्पीड कम होने के चलते काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस मौसम में गेहूं की फसल को खूब फायदा मिलेगा। इस मौसम में अधिक कोहरा होने से गेहूं की फसल की पैदावार अच्छी होगी। पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद ही ठंड से राहत मिलने की आशा है। मकर संक्रांति के बाद सूर्य के उत्तरायण होने पर मौसम में बदलाव होगा और धूप भी खिलेगी।चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार 8 जनवरी तक प्रदेश में मौसम खुश रहने की संभावना है।

इस दौरान हल्की गति से उत्तरपश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है। जिससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहने परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। परंतु इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों अलसूबह धुंध रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 8 जनवरी रात्रि से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। जिससे 9 व 10 जनवरी को राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बदलवाई, हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है।



कैथल। ठंड में गंतव्य की ओर बढ़ता रेहड़ी चालक।



कैथल। ठंड से बचने के लिए अलाव सेंकते राहगीर।

### कड़ाके की ठंड जारी

**राजौंद।** रविवार को भी कड़ाके की ठंड का दौर जारी रहा। कड़ाके की ठंड की वजह से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। पारा लुढ़कने के चलते हर कोई आहत नजर आया। हांड कंपा देने वाली ठंड के चलते लोगों की दिनचर्या देर से शुरु और शाम के वक्त जल्दी ही लोग अपने घरो में दुबक गए। दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड रबी फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। क्योंकि इस मौसम में जितनी 'यादा ठंड होगी। उतना ही फसलों को फायदा होगा। पिछले एक पखवाड़े से धूप नही निकली हैं। जिस कारण बढती ठंड से आम जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है।शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र हर जगह लोग अलावा सेकते हुए या घरो में दुबके नजर आ रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### महिला और युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जीद।** गांव कलावती निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी घर से लापता हो गई। वही शर्मा नगर निवासी एक व्यक्ति ने बताया की गत दिवस उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर दो का कोई सुराग नही लगा। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर लिए हैं।

### विजय बने वन मजदूर यूनियन के प्रधान

**कैथल।** कैथल वन मजदूर यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू का सांगठनिक द्विवार्षिक जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। विजय शर्मा को जिला प्रधान, राजकुमार सोलंकी सचिव ,नरेश कुमार कैशियर, वरिष्ठ उपप्रधान सुभाष बलबेहड़ा, उपप्रधान सत्यवान व संजो रानी, सहसचिव शियादत्त, संगठन सचिव विष्णु दत्त, प्रेस सचिव बलजीत चंदाना को बनाया गया।

### कस्बे के पूर्व सैनिकों की बैठक का आयोजन

**जुलाना।** कस्बे के लंगरघर पर पूर्व सैनिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक राजेंद्र ने की। पराजेंद्र ने कहा कि जुलाना में पूर्व सैनिकों के लिए कैंटीन की सुविधा मिलनी चाहिए। चिकित्सा सुविधा भी जुलाना में ही मिलनी चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को जींद या रोहतक की ओर रूख ना करना पड़े।

### पर्यावरण शुद्धि के लिए किया हवन

**नरवाना।** आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्ध एवं संवर्धन के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल, राजबीर एवं यशपाल आर्य ने ईश्वर स्तुति, प्रार्थना, उपासना, महर्षि दयानंद के पाखंड खंडन एवं धर्म के मंडन, अविद्या का नाश विद्या की वृद्धि, आर्य समाज के नियमों आदि का उल्लेख भजन, गीत एवं विचारों के माध्यम से किया।

### जयहिन्द ने नैन के निधन पर जताई संवेदना

**जींद।** सर्व खाप अध्यक्ष एवं सर्वजातीय बिनैण (नैन) खाप के राष्ट्रीय प्रधान स्व. नफे सिंह नैन को रविवार को श्रद्धांजलि देने पहुंचे नवीन जयहिन्द ने कहा कि नफे नैन समाज के सुप्रीम कोर्ट थे। स्व. नफे सिंह नैन ने कभी लोगो को न्याय के लिए कोर्ट, कचहरी व थानों के चक्कर नही काटने दिए, उनका निधन होना समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

### प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकलेगी शोभायात्रा

**नरवाना।** बाबा गैबी साहिब मंदिर के महंत अजय गिरी महाराज ने बताया कि अयोध्या नगरी में 22 जनवरी 2024 को आयोजित होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम के विराजमान के उपलक्ष्य में नरवाना में भी शौभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शौभा यात्रा शहर के सनातन धर्म मंदिर से सुबह 9 बजे चलेगी व मंदिर में पहुंचेगी।

### पौली गांव में दादा खेड़े पर हवन, लगाया भंडारा

**जुलाना।** क्षेत्र के पौली गांव में सुख शांति के लिए हवन किया गया जिसमें सैंकड़ो ग्रामीणों ने आहूति डाली। हवन के बाद गांव में भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस भंडारे में पूरे गांव का सहयोग होता है और दादा खेड़े पर हर वर्ष की तरह इस बार भी हवन और भंडारे का आयोजन किया गया है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**कैथल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर का आज विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन किया गया। तमन्ना व पायल के मंच संचालन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व एस एम सी प्रधान व समाजसेवी देवीप्रसन्न आमंत्रित किए गए।

---

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सफीदों के राजकीय स्कूल में लगाया रक्तदान शिविर

# देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर प्रधानमंत्री के सपने को करें साकार : मोर

**सरकारी अधिकारी गांव-गांव व शहरों के वार्डों में जाकर पात्र लोगों को उनके घर द्वार पर दे रहे योजनाओं का लाभ**



जींद। उज्जवला योजना में महिला को गैस सिलेंडर और चूल्हा देते राजू मोर।



जींद। रक्तदान शिविर में रक्तदानियों का हौसला बढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि



जींद। उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हुए राजू मोर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रधान राजू मोर ने कहा कि साढ़े नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनेक्शन के लिए लाइनें लगती थी, आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव व शहरों के वाडार्े में जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। वह रविवार को सफीदों शहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पंहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला नगरायुक्त सुरेन्द्र बैनिवाल ने अधिकारियों से कहा कि जरूरतमंद व्यक्तियों को केन्द्र व राज्य द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहयोग करें, ताकि व्यक्ति देश को विकसित बनाने में अपना भरपूर योगदान दे सके। रविवार को सफीदों शहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पंहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा का कड़कड़ाती ठंड के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के प्रधान प्रतिनिधि संजय बिट्टा, बीजेपी नेता जसमेर रजाना,हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य विजय पाल एडवोकेट,मंडल अध्यक्ष हरीश,राजकुमार जोगी,विजय सैनी,उपमंडल प्रशासन से नायब तहसीलदार रासविन्द्र सिंह, एससीपीओ नरेश कुमार व विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में सैंकडों की संख्या में शहर वासियों ने केन्द्र व रा'य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाया।

राजू मोर ने यात्रा के बारे में सभी को बधाई दी और कहा कि यह यात्रा जिला के लगभग सभी गावों को कवर कर आज आपके शहर मे पहुंची है। अब लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके आस-पास ही मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोग संकल्प यात्रा में लगी प्रधानमंत्री की फोटो के साथ सैल्फी लेकर अपलोड कर रहे है। इससे पता चलता है कि लोगों में काफी उत्साह है। राजू मोर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं,और अपना काम कराने की कोशिश करते हैं, मगर आज सभी कार्यालयों के अधिकारी आपके घर-द्वार आए हैं। केन्द्र व राज्य सरकार की इच्छा अनुसार सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रशासन के अधिकारी आपके दरवाजे पर आ रहे है। हमें इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

#### रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया

इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में आयोजित किये गए रक्तदान शिविर का भी जिला प्रधान राजू मोर तथा डीएमसी सुरेन्द्र बैनिवाल ने संयुक्त रूप से उदघाटन किया और रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढाया। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित उज्जवला योजना के तहत कार्यक्रम में पात्र परिवारों को 25 गैस सिलेंडर आंवटित किये गए,ऐसे में 2.0 उ'जवला योजना के तहत अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कुल 5940 पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर, चुल्हा तथा अन्य उपकरण देकर रसोई को धूंआ रहित किया कया है। बीडीपीओ फूल सिंह ने जींद खंड के गांव बिशनपुरा में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन भी किया और विकसित भारत बनाने की शपथ भी आमजन को दिलाई। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं रा'य सरकार का मुख्य उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ उनके घर- द्वार पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध करवाया गया।

#### विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को विकास की पंक्ति में आगे खड़ा करना ही सरकार का लक्ष्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार का आर्थिक उत्थान करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्त्रम से गांव-गांव आमजन को जहां योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लाईव संदेश को भी सुना और विकसित भारत की शपथ ली। गांवों में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएससी, जिला समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग सहित जिला प्रशासन के अन्य विभागों ने अपनी स्टालें लगाई हुई थीं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग की ओर से यहां चिकित्सा कैंप लगाए गए। आमजन को लाभ के लिए प्रेरित किया। योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सरोज देवी, भाजपा नेता रामफल शर्मा, गौरव भारद्वाज, गांव के पंच, सरपंच आंगनवाड़ी वर्कर, हैल्पर व विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## विकास राणा ने स्कीइंग में जीता दूसरा गोल्ड

■ जर्मनी में चल रही क्रॉस कंट्री स्कीइंग चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



भारत को इंटरनेशनल चैंपियनशिप में क्रॉस कंट्री स्कीइंग में बांगर की बेटी सुदकैन खुर्द की विकास राणा ने दूसरा गोल्ड दिलवाया। अब तक भारत में किसी महिला ने यह पदक नहीं जीता था। जर्मन में आयोजित हुई इंटरनेशनल चैंपियनशीप में विकास राणा ने भाग लेकर इस पदक को क्रॉस कंट्री स्कीइंग में प्राप्त किया। 6 जनवरी को विकास राणा ने 10 किलोमीटर में दूसरा गोल्ड जीता। इससे पहले 31 दिसंबर को राणा ने पांच किलोमीटर की इस दौड़ को 26 मिनट में पूरा करते हुए गोल्ड मेडल जीता था। बिना सरकारी सहयोग से विकास राणा ने देश का नाम रोशन किया है।

## चिराग योजना हरियाणा में कारगर सिद्ध नहीं हो सकती : बेनीवाल

**कैथल।** जन शिक्षा अधिकार मंच कैथल द्वारा जारी धरना आज 468 वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता शिक्षक नेता राजेश बैनिवाल ने की। उन्होंने कहा कि चिराग योजना हरियाणा में कारगर सिद्ध नहीं हो सकती, चिराग योजना से शिक्षा व्यवस्था गड़बड़ाएगी, हरियाणा सरकार को चिराग योजना को रद्द करना चाहिए और स्कूलों को मर्जर करने की प्रक्रिया को रद्द करना चाहिए और शिक्षक नेता सुरेश द्रविड़ पर दर्ज एफआईआर को तुरंत रद्द करना चाहिए,रिटायर्ड कर्मचारी नेता बलवंत जाटान ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का शिगूफा सत्तासीन गिरोह ने राजनैतिक गलियारों में छोड़ रखा है।

## रामभक्तों ने निकाली शहर में अक्षय शोभायात्रा

■ अक्षत शोभा यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। अक्षय यात्रा में शामिल भगवान राम की झांकी। फोटो : हरिभूमि

रविवार को राम भक्तों ने अक्षत शोभा यात्रा निकाली। रेलवे रोड स्थित महिला कॉलेज से शुरू हुई अक्षय शोभा यात्रा रेलवे रोड, पुरानी मंडी से होते हुए लितानी रोड के रास्ते 'योत राम मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। कड़ाके की ठंड के बावजूद अक्षय शोभा यात्रा में भीड़ उमड़ी। शहर के बाजारों में जय श्रीराम के नारों की गूंज सुनाई दी। भगवान राम, सीता, हनुमान की रथ पर सवार की झांकी भी शामिल थी। हाथों में हनुमान की गदा को लेकर रामभक्त यात्रा में झूमते नजर आए। यात्रा के शुरू होने से पहले महिला कॉलेज में साधु, संतों को सम्मानित किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी यात्रा का हिस्सा बने। जहां-जहां से यात्रा गुजरी वहां पर लोगों, दुकानदारों ने जोरदार स्वागत किया। शोभा यात्रा को महिलाओं ने घरों की छत्तों पर चढ़ कर देखने के साथ-साथ जय श्रीराम के नारे भी लगाए। पार्षद भारतभूषण गोयल, विक्रम चहल ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र का मंदिर बन रहा है। 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। ये हमारे लिए देश की आजादी के बाद सबसे ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन का पूरे देश की जनता को इंतजार था। इस दिन लोग अपने घरों पर दीये लगा कर खुशी मनाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व ने वो करके दिखाया है जिसका पूरे देश को इंतजार था। आज पूरे देश की जनता एक ही बात कह रही है कि मोदी है तो मुमकिन है। इस मौके पर डेरा काकड़ोद महंत रामचंद्र गिरी महाराज, पुजारी सत्यनारायण शांडिलय, विक्रम चहल, अशोक सुरबरा, महेंद्र खापड़, रामनिवास करसिंधु, कुलदीप लालर, कुलदीप खटकड़, दीपक, श्यामू, सुरेश नैन, विनोद भक्त, बलवान काकड़ोद, पंकज, प्रवीण, श्याम लाल, मौजूद रहे।

---

## अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों को भी जानें : चंद्रमोहन

**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल की एनएसएस. इकाई द्वारा पबनावा में आयोजित 7 दिवसीय शिविर के तीसरे दिन मुख्य वक्ता के तौर पर डिस्ट्रक्टि अटार्नी जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र डा. चंद्र मोहन ने शिरकत की। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डा. ऋषिपाल ने की। इस अवसर पर स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए डिस्ट्रक्टि अटार्नी ने कानूनी साक्षरता विषय के बारे में विस्तार से जानकारी। उन्होंने संविधान की धाराओं के बारे बताया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों की भी जानकारी होनी चाहिए। युवाओं को वर्तमान समय में अत्यंत सजग रहने की आवश्यकता है।

## प्रदेश सरकार ने किया जींद के साथ विश्वासघात : रणदीप

■ कहा, जींद जिले की पांचों विधानसभा सीटें कांग्रेस जीतेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। संकल्प दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रणदीप सुरजेवाला।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव तथा रा'यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा जजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा जजपा का डीएनए किसान व मजदूर विरोधी है। इन तानाशाही सरकारों ने देश व प्रदेश के किसानों व मजदूरों की पीठ मे छुरा घोंपने का काम किया है। भाजपा तथा जजपा ने अगली फसल व अगली नस्ल को बर्बाद करने का काम किया है। भाजपा व जजपा सरकार ने आपके बच्चो के मुह से निवाला छीनने का दुःसाहस किया है। रणदीप सुरजेवाला रविवार को गांव अलेवा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत समाजसेवी सुरजीत सिंह अलेवा द्वारा आयोजित संकल्प दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। किसानों की आय दुगुनी, 50 प्रतिशत मुनाफा देने का वायदा करके सत्ता में आई भाजपा सरकार ने किसानों को खून के आंसू रुलाने व उन्हें छलने का काम किया है। किसानों को उसकी फसल का एमएसपी नहीं मिल रहा व अपना हक मांगने वाले किसानों को लाठियों से पीटा जाता है। खेती पर जीएसटी के माध्यम से टैक्स क्यों लगा दिया गया खाद पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया, कीटनाशक दवाई पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया और ट्रैक्टर तथा खेती के उपकरणों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया। खाद और कीटनाशक दवाईयों की कीमतों में मोदी सरकार के सात सालों में लगभग 100 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है। मोदी सरकार ने डीज़ल की कीमतें बढ़ाकर खाद-बीज-कीटनाशक दवाई-बिजली-कृषि उपकरणों की कीमतें बढ़ा दी। सरकार द्वारा 25,000 प्रति हैक्टेयर किसानों से टैक्स के माध्यम से वसूली की जा रही है और किसानों को 6000 प्रति वर्ष देकर बरगलाने व फरेब करने का स्वांग व षड्यंत्र क्यों कर रहे हैं?

## 'ग्राहक को अधिकारों के प्रति जागरूक करना ही उद्देश्य'

■ उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता एवं सही नाप मिले : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में हाऊसिंग बोर्ड स्थित कार्यालय में आज ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि वस्तुओं की गुणवत्ता में सुधार लाना व ग्राहक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना ग्राहक पंचायत का मूल उद्देश्य है।इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सदस्य समय समय पर सभी को जागरूक रहने का प्रचार और प्रसार करते है ताकि अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित किया जा सके । आज अनेक प्रकार से ग्राहक को भ्रमित करने के लिए भांति भांति के हथकंडे अपनाए जा रहे है इसलिए जरूरत है तो सिर्फ थोडा सोचने कि समझने कि ताकि हम भी बचे और ओरों को भी बचने का कार्य करे। अखिल भरतीय ग्राहक पंचायत सदस्य अपनी टीम के साथ अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहे है । उषा गुप्ता ने बताया कि पहला कदम फाउंडेशन सदस्य इस अभियान में अपना पूर्ण सहयोग देते रहते है।

---

## औद्योगिक क्षेत्र में भी चमकेगा जामनी गांव का नाम : कर्मवीर

■ भगवान परशुराम के पिता महर्षि जमदग्नि ने की थी यहां तपस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीद

जामनी गांव का नाम पूरे भारत में धार्मिक नगरी के रुप में जाना जाता है, क्योंकि यहां भगवान परशुराम के पिता महर्षि जमदग्नि ने वर्षोंर् तक तपस्या की थी। यहां पर राक्षस प्रवृत्ति के लोग उनको तपस्या नहीं करने दे रहे थे तो भगवान परशुराम ने उनका वध किया था। अब यहां पर 3800 एकड़ में औद्योगिक नगरी स्थापित की जाएगी। अब यह गांव औद्योगिक क्षेत्र में भी पूरे भारत में जाना जाएगा। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने रविवार को जामनी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। कर्मवीर सैनी ने कहा कि पूरे जिले में जामनी एक ऐसा गांव है, जिसके चारों तरफ से नेशनल हाइवे निकल रहे हैं। नारनौल-अंबाला एक्सप्रेस वे 152-डी, सोनीपत-जींद ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस-वे, जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ जींद-पानीपत नेशनल हाईवे यहां से गुजर रहा है। महर्षि जम्दगनी ने यहां कई वर्षोंर् तक तपस्या की थी। जब यहां उनको राक्षसों ने तपस्या करने से रोको तो उनके बेटे भगवान परशुराम ने यहां राक्षसों का सफाया करके शांति स्थापित की थी।

### 6 करोड़ की राशि होगी खर्च, बहु मंजिला बनेगी बिल्डिंग : बीरेंद्र

## एक साल में बनकर तैयार हो जाएगा किसान सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। किसान सदन के निर्माण का शुभारंभ से पहले पूजन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

हाइवे पर क्षेत्र के लोगों के सहयोग से किसानों, युवाओं के साथ-साथ आमजन के लिए किसान सदन एक साल में बनकर तैयार हो जाएगा। रविवार को निर्माण कार्य की शुरूआत पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने नींव ईंट रख कर की। पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने मंत्रोजाप से हवन के साथ-साथ भूमि पूजन करवाया। 6500 गज में बनने वाले किसान सदन का निर्माण तीन फेज में होगा। पहले फेज में चार दीवारी के बाद शादी समारोह के लिए वैकेंटहॉल, कांफ्रेसहॉल, किसानों के लिए एग्रो बिजनेस केंद्र, युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी का निर्माण होगा। 6 करोड़ रुपए के आस-पास की राशि इसके निर्माण पर खर्च होगी। तीसरे फेस में किसान सदन के आस-पास जमीन मिलने पर राष्ट्रीयस्तर का स्टेडियम बनाने की प्लॉनिंग भी है। 6500 गज के करीब जगह में किसान सदन का निर्माण होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि किसान सदन को लेकर करीब दो साल पहले कमेटी का गठन हुआ था। करोड़ों रुपए खर्च इसके निर्माण पर होंगे। किसान सदन का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। करीब एक साल से भी एक समय में फेस-1 का निर्माण पूरा हो जाएगा। गांव में शादी सहित अन्य कार्यक्रम चौपालों में होते थे। आज-कल गांवों में चौपाल तो है लेकिन उनमें जगह कम है। किसान सदन बनने के बाद कोई भी यहां पर किसी तरह का कार्यक्रम कर सकता है। किसानों के लिए एग्रो बिजनेस केंद्र यहां बनेगा ताकि किसान को फसलों के भावों के साथ-साथ अन्य जानकारी मिले। किसानो को परपंराग खेती के साथ-साथ अधिक लाभ देने वाली खेती के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। यहां पर युवाओं के लिए कोचिंग सेंटर खोला जाएगा ताकि क्षेत्र के युवाओं को राजस्थान के सिक्कर, हिसार, दिल्ली नहीं जाना पड़े। जमीन अगर मिल जाती है तो यहां पर राष्ट्रीयस्तर का खेल स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। इस मौके पर सांसद बृजेंद्र, राजेंद्र चहल, राममेहर दनौदा, हरेंद्र सिंह, सज्जन सिंह, संजीव डूमरखा, सुरेंद्र गर्ग, दिलबाग श्योकंद, डॉ. राजेश श्योकंद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पंजाबी सेवा सदन ने बांटा जरूरतमंदों को राशन

**कैथल** ।पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने बताया कि आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया।

### गालियां देने और बोतल मारने का मामला दर्ज

**कैथल।** एक व्यक्ति के साथ गालियां देने तथा शराब की बोतल मारने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिरटा रोड कैथल के अमित कुमार ने शिकायत में रोक लगाया है कि 6 जनवरी को रात को 9:00 बजे करण और विपिन ने शराब के नशे में उसे अभद्र गालियां दी। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसके सिर पर शराब की बोतल मार दी।

### 10 हजार की नकदी और फोन छीनकर फरार

**गुहला-चीका।** चीका से गुहला रोड पर स्थित एक किराने की दुकान चलाने वाले सतनाम नामक व्यक्ति से कुछ अज्ञात लोगों ने गंडासीनुमा हथियार के बल पर 10 हजार रुपए व मोबाइल फोन छीन लिया। गत रात्रि वहअपना सामान एकत्र करने लगा ताकि दुकान बंद की जा सके परंतु इसी बीच दो-तीन युवक मुंह ढांप कर दुकान में घुस गए और उसे गंडासी दिखाकर सारा कैश देने की धमकी दी।

### चीका से नकदी समेत दो सटोरिये गिरफ्तार

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा चीका से अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 5250 रुपए नकदी बरामद हुई। एचसी जसमेर सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की गुहला रोड़ चीका बिजली घर के सामने एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से उक्त स्थान पर दी गई दबिश दौरान वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी संजय कालोनी चीका निवासी संजु को काबू कर लिया गया।

## मित्र मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

# कलायत से चुनाव लड़ेंगे पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल

आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान, समारोह में जुटी भीड़ ने अपनी सहमति की मुहर लगाई



**कैथल।** कलायत में मित्र मिलन समारोह में मौजूद पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

प्रदेश के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने 2024 में कलायत विधानसभा से आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। वे रविवार को कलायत में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक केंद्र परिसर में आयोजित मित्र मिलन समारोह में साथी कार्यकर्ताओं से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि वे टिकट के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ में राजनैतिक दलों के नेताओं के चक्कर लगाने की बजाए जीत के लिए क्षेत्र की 36 बिरादरी की चौखट पर हाजिरी लगाएंगे। इस फैसले पर समारोह में जुड़ी भीड़ ने अपनी सहमति की मुहर लगाई। माजरा ने कहा कि सत्तारूढ़ दल में कलायत क्षेत्र के मौजूदा भाजपा नेता शो पीस बनकर रहे गए हैं। विकास कार्यों की बजाए इनकी रुचि भ्रष्टाचार में है। ग्रामीण क्षेत्र की सफाई, रिचार्ज बोर, डोर टू डोर व तालाब कायाकल्प के नाम पर व्यापक स्तर पर धांधली हो रही है। हालात ये हैं कि सत्ता पक्ष के नेता मंथली नहीं हर रोज अधिकारियों व एजेंसियों से अपने लेन-देन का बही खाता मिला रहे हैं। इस प्रकार की व्यवस्था से लोगों में भारी रोष है। इसलिए उन्होंने की जनता की राय पर आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरने का मन बनाया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मा.जोगी राम, रामफल मोर, जितेंद्र काला, रामदिया चावरिया, दशरथ राणा, कर्मवीर यादव, कुलदीप दहिया, संदीप जुलानी खेड़ा, किताब सिंह, रामशेर मटौर, राकेश कुंडू, काला खरक, शमशेर खरक, दीप बालू, मनू कैलरम, सुरेंद्र लांबा खेड़ी, बलजीत साहसी, सुभाष सैन, संजीव बात्ता, भारत ढांडाखेड़ी और विभिन्न गांवों से आए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदेशवासियों से किया गया खिलवाड़

रामपाल माजरा के तेवर भाजपा व जजपा गठबंधन को लेकर भी तीखे नजर आए। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ के माध्यम से प्रदेश की जनता से हर स्तर पर खिलवाड़ हुआ है। किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और आम जन सुविधाओं को तरस रहा है। अपने मुद्दों को लेकर हड़ताल पर जाने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं रहा है। राज्य की इस प्रकार की दयनीय स्थिति वे पहली बार देख रहे हैं। रामपाल माजरा ने कहा कि भला ही कुछ नेता लहरों व आंधियों के भरोसे होंगे लेकिन वे तो केवल जनता के भरोसे हैं। उन्होंने साथी कार्यकताअरं से गांव दर गांव जाकर किन्हीं कारणों से रूठे अपनों को मनाने का मूल मंत्र दिया। इससे चले थे मंजिल की तरफ अकेले लोग आते रहे और कारवां की कहावत हकीकत में बदलेगी और आजाद उम्मीदवार के माध्यम से जनता की जीत होगी।

# चीका में दिनभर छाया रहा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**कैथल।** चीका में छाया कोहरा

एक दिन के सूर्य दर्शन के बाद आज फिर आसमान से जमीन तक धुंध व कोहरा ही कोहरा दिखाई दिया। पौ फटते ही कोहरा जमीन पर उतर आया और सारे वातावरण को धुंधमय बना दिया। विजीबिलिटी पूरी तरह से कम हो गई, जिसके चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित होने लगी। आज यहां तेज हवाएं भी चली नतीजतन शीत लहरों के चलने व आकाश से पानी की हल्की हल्की फुहारें गिरने से कोल्ड वार जैसी स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि यदि जरूरी हो, तभी घर से बाहर निकलें। बुजुर्गों और बच्चों को अधिक सावधानी बरतने के लिए भी कहा गया है। कोल्ड वेव को लेकर मौसम विभाग ने गाइड लाइन जारी की हैं। लगातार पड़ रही ठंड का बाजार पर बड़ा असर दिखाई दे रहा है। बाजारों से रौनकें गायब हैं। गरीबों का मेवा माने जाने वाली मूंगफली व रेवड़ी की दुकानों व स्टालों पर तो कुछ लोग खरीददारी करते हुए दिखाई दिए परंतु अन्य कामधंधों पर ठंड का पूरा असर दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए जहां लोग गर्म कपड़ों व हीट देने वाले भोज्य पदार्थों का जमकर सहारा ले रहे हैं परंतु वर्षों से ठंड से बचाव के लिए पुराने जमाने से चली आ रही अलाव व्यवस्था आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो सुबह शाम दोनों समय लोग अलाव का सहारा लेते हैं और बुजुर्ग अपने शयनकक्षों में अंगीठी जलाकर रखते हैं। ठंड से बचाव के लिए आम आदमी तो कोई ना कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर रहा है परंतु बेसहारा पशुओं की तो जान पर बन आई है। जहां उनके खाने के लिए कुछ नहीं है, वहीं दूसरी तरफ अपना सिर छुपाने के लिए भी उनके पास कोई जगह नहीं है।



**कैथल।** हवन में आहुति डालते समाज के लोग।

### सभी चीजें भगवान के सहारे पर टिकी : हरिओम शोकल

**गुहला-चीका।** पंतजलि योग समिति गुहला तथा आर्य निर्मात्री सभा द्वारा शक्ति नगर में साध्वी अनीता के घर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसे पंडित सत्यवीर शास्त्री ने संपन्न करवाया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पंतजलि जिलाअध्यक्ष हरिओम शोकल ने शिकरत कि। उन्होंने बताया कि जय निराधार का अर्थ है जो किसी का सहारा नहीं लेता। संसार में प्रत्येक वस्तु किसी न किसी सहारे पर टिकी है। जैसे बच्चा माता-पिता के सहारे पर, शिष्य गुरु के सहारे पर और गरीब अमीर के सहारे पर रहता है। आखिर में सभी चीजें भगवान के सहारे पर टिकी है। केवल इस संसार में भगवान ही ऐसे है जो किसी का सहारा नहीं लेते, क्योंकि उनको सहारा देने वाला इस संसार में कोई है ही नहीं। उस परमपिता भगवान से बड़ा एवं असली कलाकार कोई नहीं है जो अंधेरी कोठरी अर्थात गर्भ के अंदर बच्चे की रचना करता है।

### वेदपाल को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

**ढांड।** पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजवीर सिंह ने कहा कि हाईकमान द्वारा वेद पाल एडवोकेट को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को ओर अधिक मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल,प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट की जोड़ी हरियाणा में लगातार पार्टी को मजबूत स्थिति की ओर ले जा रही है। प्रदेश में भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत आम आदमी को फायदा हो रहा है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक आज सरकार की योजनाओं को लाभ मिल रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ आज घर बैठे मिल रहा है।

# स्वामी संदीप ने थामा कांग्रेस का दामन

■ दिल्ली में रणदीप सुरजेवाला के आवास पर समर्थकों सहित हुए कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** रणदीप सुरजेवाला का स्वागत करते नेता व कार्यकर्ता।

पिछले 9 सालों से हरियाणा की जनता भाजपा जजपा सरकार की तानाशाही नीतियों से अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रही हैं जिस कारण वो गठबंधन सरकार से छुटकारा पाना चाहती है। प्रदेश की जनता को अब हरियाणा का भविष्य कांग्रेस पार्टी व रणदीप सुरजेवाला में दिखाई दे रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण यही है कि भाजपा-जजपा पार्टी को छोड़कर लोग रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ज्वाईन कर रहे हैं, इसी क्रम में गतदिवस दिल्ली में रणदीप सुरजेवाला के आवास पर साल 2019 में पिहोवा विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार रहे स्वामी संदीप ओंकार ने अपने समर्थकों सहित कांग्रेस ज्वाईन की। गौरतलब है कि स्वामी संदीप ओंकार ने 2019 विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और 22000 के लगभग वोट हासिल किए। अब उन्होंने रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा और अतिशीघ्र वो पिहोवा में रणदीप सुरजेवाला का नागरिक अभिनंदन समारोह भी करेंगे। इसी क्रम में पुंडरी हलके से कर्म सिंह पूर्व सरपंच सांच, चैन सिंह पूर्व सरपंच सिरसल, संजीव पूर्व सरपंच खेड़ी, सुरेन्द्र हाबड़ी व जुलाना (जींद) से आए गाँवों के सरपंच साहिबान दिनेश सरपंच, गांव भैरो खेड़ा, सुंदर सरपंच, गांव रामगढ़, कुलबीर सरपंच, गांव इगराह, भूप सरपंच, गांव निडाना, जोगिंदर सरपंच, गांव ललित खेड़ा, अशोक सरपंच, गांव गोसाई खेड़ा, रोहताश सरपंच, गांव नन्दगढ़ इत्यादि ने इलाके व पूरे हरियाणा की बदहाली मिटाने व भाजपा जजपा सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

# ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**कैथल।** शिविर के अंतिम दिन लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे जागरूक करते हुए।

राजौंद के मॉडल संस्कृति स्कूल में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। शिविर के अंतिम दिन ट्रैफिक पुलिस कैथल के एसएचओ रमेश कुमार ने स्वयं सेवकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने की हिदायत भी दी गई। इस समय बढ़ते धुंध और कोहरे के कारण वाहन चालकों को अपने वाहनों को बड़ी सावधानी पूर्वक चलाना चाहिए ताकि किसी प्रकार के हादसे व दुर्घटना का शिकार न हों। धुंध व कोहरे के मौसम में विजिब्लिटी कम हो जाती है। जिससे हर समय सड़क हादसे होने का अंदेशा बना रहता है। अधिकारी विकास नेहरा ने बच्चों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट ज्यादा प्रयोग करने की तथा निजी वाहन को तय स्पीड तथा सुरक्षा के साथ चलाने की सलाह दी। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार ने स्वयं सेवकों को अपने माता पिता व समाज के प्रति अपने कर्तव्य निभाने की सीख दी। स्वयं सेवकों ने पर्यावरण के प्रति सजगता व प्रदूषण रोकने के लिए एक रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति सजगता बरतने व अधिक से अधिक पेड़ पौधों लगाने के लिए जागरूक किया।



**कैथल।** एनएसएस शिविर के समापन पर अधिकारियों के साथ स्वयंसेवक।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के समाप्त हुआ एनएसएस शिविर

**कैथल।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रातः कालीन सत्र में श्रीमती कुसुम प्राध्यापिका हिन्दी ने स्वयंसेविकाओं को महिला सशक्तिकरण और एड्स नियंत्रण पर चर्चा की । प्रधानाचार्य धर्म सिंह ने स्वयंसेविकाओं को ऊर्जा संरक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि किसी काम को करने के लिए ऐसी विधि का पालन करना कि वह काम पूरा होने में कम ऊर्जा लगे, इसे ही ऊर्जा संरक्षण कहते हैं। उदाहरण के लिए आप यदि कार से हर दिन आना जाना कर रहे हैं और यदि आप उसके स्थान पर साइकिल का उपयोग करें तो उससे कार में लगने वाले ईंधन की बचत होगी और आपने उस ऊर्जा का उपयोग न कर उसका संरक्षण किया। प्रधानाचार्य धर्म सिंह एवं मुख्यातिथि पार्षद बलजीत और रटउ प्रधान दलबीर सिंह ने सभी स्वयंसेविकाओं को सम्मानित किया और सहयोगी महिला प्राध्यापिकाओं सोनू गर्ग,दिव्या गोयल,उमेश गुप्ता और बृजेश और अरुण कुमार को भी सम्मानित किया।

# लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** चालक-परिचालकों को जागरूक करती पुलिस।

नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत सोमवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा गांव पीडल व चीका में आमजन सहित ट्रक ड्राइवरो को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। इसके साथ साथ पुलिस टीम द्वारा क्रिकेट खेल रहे युवाओं को खेलकूद में ख्याति प्राप्त करने का संदेश देते हुए नशा ना करने बारे प्रेरित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज हीनता की दृष्टि से देखता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। विद्यार्थी वर्ग को पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा नशा करना वाले व्यक्तियों की भी काउंसलिंग करवाई जा रही है। पुलिस द्वारा उनका नशे छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। नशा तस्करों पर भी पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है, परंतु इस मुहीम में जन सहयोग आवश्यक है।



**राजौंद।** पानी की समस्या को लेकर रोष जताते हुए गांव बीरबागड़ा के निवासी।

### गांव बीरबागड़ा में पानी की सप्लाई न होने से लोग परेशान

**राजौंद।** गांव बीरबागड़ा में पानी की सप्लाई न होने से लोग परेशान हो रहे है। पिछले एक साल से जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सप्लाई किए जाने वाला पानी लोगों तक नही पहुंच रहा। गांव के लोगों ने राज्यमंत्री कमलेश ढांडा भी लिखित में शिकायत देकर गांव में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने कहा कि जो पानी आता है वह भी पर्याप्त मात्रा में हर घर में नहीं पहुंच रहा जिसमें 100 के लगभग घरों में पानी ही नहीं पहुंच रहा और कई बार जो पानी आता है वह पीने योग्य ही नहीं है। इस बारे कई बार संबंधित विभाग को भी अवगत करवा चुके हैं लेकिन बड़े खेद का विषय है कि इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा। इससे लोगों को सर्दी के इस मौसम में भी पानी की समस्या से जूझने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस बारे ग्रामीण बिट्टू, ऋषिपाल, राजेश कुमार, जोगी, ओम प्रकाश, दयानंद बीरबल अंकुश राजवीर किशन दत्त वीर राम निवास प्रद्युमन, दयानंद जयकुमार ने बताया कि उनके घरों तक कभी भी पानी की सप्लाई नहीं आई जबकि पानी का बिल आ रहा है। इन लोगों ने कहा कि वह पिछले एक साल से कह-कह कर थक चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

# नई एक्सरे मशीन लोगों के लिए शोपीस बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मुख्य द्वार।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई माह से नई एक्सरे मशीन लोगों के लिए शोपीस बनकर रह गई है। आलम यह है कि डार्क रूम ना होने की वजह से इसको अभी तक शुरू नही किया गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा यह दावे की जा रहे है कि डार्क रूम की मंजूरी मिलते ही इसको शुरू कर दिया जाएगा। जबकि रेडियोग्राफर की नियुक्ति भी यहां हो चुकी है।

वह भी सारा दिन खाली बैठकर ही वापस चले जाते हैं क्योंकि जब तक नई एक्स रे मशीन के लिए डार्क रूम की व्यवस्था नही होती तब तक यह मशीन लोगों के लिए शोपीस ही बनी रहेगी।

### क्या कहती हैं एसएमओ

एस एम ओ डॉक्टर प्रीती गर्ग ने बताया कि मशीन तो आ चुकी है और रेडियोग्राफर की भी नियुक्ति हो चुकी है लेकिन डार्क रूम की डिमांड भेजी हुई है जैसे ही डार्क रूम की मंजूरी मिलती है तो एक्स रे मशीन में स्थापित करके जल्दी ही इस सुविधा को शुरू कर दिया जाएगा।

## गांव धर्मपुरा व अटेला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गरीबों के लिए लाभप्रद : रवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



**सीवन।** एससी आयोग के सदस्य रवि तारांवाली विकसित राष्ट्र की शपथ दिलाते हुए।

गांव धर्मपुरा व अटेला गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एससी आयोग के सदस्य रवि तारावाली व सीटीएम गुरविंदर सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। इससे पहले ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा वीसी के माध्यम से दिए गए संदेश को सुना। सीटीएम गुरविंदर सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर ग्रामीणों को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई गई। एससी आयोग के सदस्य रवि तारावाली ने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट सही तरीके से नहीं पहुंचती थी परंतु बीजेपी सरकार द्वारा जगमग योजना के तहत 24 घंटे लाइट उपलब्ध करवाई जा रही है। आयुष्मान योजना लोगों के लिए काफी हितकारी सिद्ध हो रही है।

### लोगों के लिए वरदान साबित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है । इस यात्रा के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति जिसको समाज में कोई नहीं पूछता था उसको मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी जब गांव में जाती है तो उस व्यक्ति से पूछ करके उसकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मोदी की दूरगामी सोच के कारण वंचितों को यात्रा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

### प्रदेश में विकास कार्यों में तेजी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के ईमानदार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से पूरे हरियाणा में विकास कार्यों में तेजी लाई गई है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास नीति के तहत भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि आज पूरे देश के अंदर लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर विश्वास कर रहे हैं । मोदी जी की गारंटी लोगों को भा रही है । भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से देश में आई है तभी से लोगों का विश्वास सरकार पर कायम है।

**सूचना**

मैं कर्मवीर सिंह पुत्र ईश्वर सिंह निवासी फ्रैंडस कालोनी जींद रोड बाईपास कैथल बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर कर्मवीर सिंह से कर्मवीर मोगा रख लिया है। भविष्य में मुझे कर्मवीर मोगा के नाम से समझा व जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**खबर संक्षेप**

## हाईकमान चाहेगा तो लडूंगी लोकसभा चुनाव

**उचाना।** राहुल गांधी द्वारा निकाले जाने वाली न्याय यात्रा पर भाजपा द्वारा दिए गए बयानों पर बोलते हुए कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि राहुल गांधी ने पहले चरण में कश्मीर से कन्या कुमारी तक यात्रा कर पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया। भाजपा का काम है कभी धर्म, जाति के नाम पर लोगों को बांटना। राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी देश, समाज को जोड़ने की बात करते हैं।

## ईडी का दुरूपयोग कर रही सरकारः बीरेंद्र सिंह

**उचाना।** विपक्ष द्वारा ईडी का सरकार द्वारा दुरूपयोग करने के आरोपों पर बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे को बहुत व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है कि हमें देश को कैसे चलाना है। यहां पर प्रजातंत्र व्यवस्था रखनी है, प्रजातंत्र मूल्यों का निर्वाहन करना है। यहां जो संस्थाए है चाहे वो न्यायपालिका, कार्य पालिका, कानून बनाने वाली लोकसभा, विधानसभा है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना जरूरी है।

## हिट एंड रन कानून से देश का होगा अहित

**जीद।** ऑल ड्राईवर कल्याण संघ जिला कमेटी जींद के नेतृत्व में रविवार को लघु सचिवालय जींद पर हिट एंड रन संशोधन बिल के विरोध में दूसरे दिन भी धरना लगाया। धरने में टैक्सी यूनियन के जिला प्रधान नरेंद्र खर्ब, उपप्रधान महाबीर पेगां, ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के जिला प्रधान नरेंद्र बुआना, धर्मबीर कापड़ो, धर्मपाल नगूरां, अरुण शर्मा, सुरेंद्र बेनीवाल, वजीर उर्फ गोगी आदि मौजूद रहे। धरने को सम्बोधित करते हुए नरेंद्र बुआना, आजाद पांचाल, नरेंद्र खर्ब आदि ने बताया कि 26 दिसम्बर को लोकसभा में हिट एंड रन संशोधन बिल पास किया गया। इसके लागू होने से देश और प्रदेश भर का चालक वर्ग बर्बाद हो जाएगा।

# किसानों को अपने हकों के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन के लिए तैयार रहना होगाः गुरनाम चढ़ूनी

**शहीद किसान मामचंद व लखपत को नमन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

निसिंग गोलीकांड में शहीद हुए किसान मामचंद व लखपत के शहीदी दिवस पर आज हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव पबनावा व चुहड़माजरा में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया और सरकार के खिलाफ किसानों ने नारेबाजी कर रोष जताया और किसान एकता बाद के नारों से समूचा आसमान गूंज उठा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी,युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्षक कर्म सिंह मथाना, राजीव आर्य ढांड, जिलाध्यक्ष महावीर चहल,चमेल सिंह पबनावा ने किसानों के साथ शहीद किसान मामचदं व लखपत की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और किसानों ने शहीद किसानों के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। किसानों को संबोधित करते हुए किर्स्र्नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि शहीद किसान मामचदं व लखपत की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता है। आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए कि किसान हित में किसानों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि अब किसानों को अपने हकों व अधिकारों के लिए लगातार सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा। सरकार किसानों को कमजोर समझने की भूल कर रही थी,जबकि इतिहास गवाह जिस भी सरकार ने किसानों से टकराव किया है। किसानों की वोटों के दम पर सत्ता में आई भाजपा सरकार आज किसानों की दुश्मन बन चुकी है। किसानों की फसलों को सरकार की मिलीभगत से मिट्टी के भाव पर लूटा जा रहा है।

### शहीद किसानों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अगर सबसे ज्यादा किसी का शोषण और उत्पीड़न हुआ है तो वह अन्नदाता किसान का है जिसके साथ इस सरकार ने सदा छल,विश्वासघात व जुल्म कि है। किसान अपने हक में आवाज उठाता है तो उसे लाठियां के बल पर दबाया जाता है। सरकार किसानो से किया गया अपना एक भी वादा पूरा नही कर पाई है,पूंजीपतियों के हितों की रक्षा करने वाली सरकार किसानों के हितों की रक्षा नहीं कर पा रही है। एक दिन यही देश का अन्नदाता ऐसी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा कर रहेगा। सरकार, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी और बैंक सब आपस में मिले हैं।



**ढांड।** किसान नेता गुरनाम चढ़ूनी, विक्रम कसाना,महावीर चहल व अन्य किसान श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

**सरकार का किसान विरोधी चेहरा**

किसान विरोधी हर फरमान का होगा कड़ा विरोधः विक्रम कसाना वा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि किसानों के हितों को लेकर हर कुबार्नी व संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। सरकार के हर किसान विरोधी तुगलकी फरमान का भाकियू द्वारा कड़ा विरोध किया जाऐगा। सरकार का किसान विरोधी चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। सरकार के प्रति किसानों में भारी आक्रोश है और किसानों पर किए गए हर अत्याचार का आगामी समय में किसान ब्याज सहित हिसाब लेंगे। किसान वोट की चोट पर भाजपा को सबक सिखाएंगे।

**सरकार को 20 जनवरी तक को दिया अल्टीमेटम**

# मिट्टी कार्य को माइनिंग से बाहर करने की मांग को लेकर भरी हुंकार

**एकलव्य स्टेडियम के सेक्टर नौ के मैदान मे एकजुट हुए प्रदेश भर के अर्थ मूवर्स, माईनिग विभाग पर लगाए गभीर आरोप,अपनी रोजी रोटी को बताया खतरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीद





**जीद।** कार्यक्रम में अर्थ मूवर्स को संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

आल हरियाणा अर्थ मूवर्स सगठन के आहवान पर रविवार प्रदेश भर से एकजुट हुए मिटटी का कार्य करने वालो ने मिटटी कार्य को माईनिग से बाहर करने की माग को लेकर सेक्टर नौ मे एकलव्य स्टेडियम के निकट हुंकार भरी है। अर्थ मूवर्स का कहना था कि माईनिग विभाग उन्हे बेवजह परेशान कर रहा है। जिसके चलते मिटटी का कार्य से जुडे लोगो की रोजी रोटी का खतरा पैदा हो गया है ओर किसानो को भी भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होने चेताया कि अगर सरकार ने मिटटी के कार्य को माईनिग से बाहर नही किया तो अर्थ मूवर्स आदोलन करने को मजबूर होगे। जिसके लिए उन्होने 20 जनवरी तक अल्टीमेटम सरकार को दिया है। अर्थ मूवर्स सगठन के वक्तओ ने कहा कि लाखो परिवार खेतो से मिटटी उठाने के कार्य से जुडे हुए है। उनका परिवार भी इस कार्य पर निर्भर है। किसान पानी तथा अन्य समस्यो के चलते किसान अपने खेत को समतल करवाने के लिए मिटटी उठवाता है। अगर किसी के पास अनुमति नही है तो माईनिग विभाग भारी भरकम जुर्माना लगाता है। जिसके डर से ना तो कोई खेत से मिटटी उठा पा रहा है। जिससे किसान भी परेशान है। मिटटी उठवाने के लिए पहले माईनिग विभाग से अनुमति लेनी पडती है। किसान अपनी मर्जी से खेत को समतल नही करवा सकता। अगर किसान अपने खेत से मिटटी अपने साधन मे मिटटी के साथ पकडा जाता है या खेत को समतल करता है तो माईनिग विभाग उनके खिलाफ भी माईनिग विभाग द्धारा कार्रवाई अमल मे लाई जाती है। इसी प्रकार अपने प्लाट की भरती भी नही करवा सकता। काफी ऐसे किसान है। जिन्होने किस्तो पर ट्रेक्टर तथा ट्राली ली हुई है। पुरा साल खेत मे काम न होने के कारण मिटटी उठाने मे किराये पर लगा देता है। वर्ष 2017 से पहले माईनिग विभाग की कोई अनुमति नहीं लेनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि गरीब आदमी को इस नियम के मुताबिक विभाग का बेवजह चक्कर काटना परेशानी का सबब बनेगा।



# राहुल और राधिका ने जीता कैरम में स्वर्ण पदक

- मोतीलाल नेहरू विद्यालय के विजेता छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्र राहुल और राधिका ने राज्य स्तर पर कैरम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता गुरुग्राम में हुई। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पूरे जीन्द जिले में राहुल और राधिका का ही चयन किया गया। यह प्रतियोगिता जेसीआई जींद द्वारा प्रायोजित की गई थी । राहुल और राधिका विद्यालय में कैरम पर लगातार अभ्यास करते रहते हैं और इस कड़ी मेहनत से राहुल और राधिका का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो गया है, जो तमिलनाडु के मदुरै में फरवरी में होने जा रही है। राहुल और राधिका ने अपनी जीत का श्रेय कैरम जिला प्रधान डॉक्टर जितेंद्र और अपने अभिभावकों को दिया। अब खेल प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर होने जा रही है। जिसमें मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्र राहुल और राधिका भी उस प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में राहुल और राधिका को मेडल पहनकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की और कहा कि खेल खेलने से बच्चों के मस्तिक का विकास होता है।

